हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 मई 2024

06 इस साल भी नहीं हो सकेगा ताप्ती सरोवर जल निकासी...



07 शांति धाम के कार्यों की सराहना की





### नागरिकों ने प्रशासन से लगाई स्वच्छता अभियान चलाने की गुहार

## नर्मदा तट पर पसरी गंदगी, पुण्य सलिल दूषित होने से लोग परेशान

नर्मदा तट पर पसरी गंदगी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि गंदगी से निकलने वाली दूषित गैस स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पहुंचा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



एक ओर जहां सरकार द्वारा प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए लगातार स्वच्छता अभियान को गति दी जा रही है। वहीं सनातन धर्म की आस्था का केन्द्र पतित पावनी मां नर्मदा का तट प्रदूषण से भरा हुआ है। शहर के पर्यटन घाट स्थित सबसे बड़े गंदे नाले से बहकर जाने वाली गंदगी घाट के तट पर एकत्रित होती है तो वहीं ओवर फ्लो होने के साथ ही नर्मदा के जल को दूषित कर रही है। इस ओर न तो स्थानीय प्रशासन का ध्यान है और न ही जिला प्रशासन का। इस संबंध में नागरिकों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन कानों में जू तक नहीं रैंगती है। पर्यटन घाट निवासी रमेश कहार ने बताया कि नर्मदा के तट पर जमा गंदगी से निकलने वाली दूषित गैस लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। लोगों का कहना है कि उठने वाली गैस से लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि समस्या से आपके माध्यम से अवगत कराया गया। मामला संज्ञान में लेकर समस्य निराकृत के लिए कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक न तो नगर पालिका प्रशासन की ओर से जिम्मेदार अधिकारी एवं नपा के स्वास्थ्य व स्वच्छता अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। नागरिकों का कहना है कि जनहित में नगर पालिका प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर नर्मदा तटों का सफाई का अभियान चलाया जाना चाहिए।

## आहूजा पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द होने पर भी बिक रहे थे पटाखे

### कलेक्टर के आदेश के बाद एसडीएम ने किया निरीक्षण,बनाया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पैसे कमाने की चाह ने आम आदमियों की जान गाजर मूली की तरह भांपने वाले कारोबारी प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए अपनी अकड़ में कायम है। जिससे बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। बता दें कि हरदा हादसे के बाद पटाखा व्यवसाय को लेकर प्रशासन चाक चौबंद हुआ। नियमो का अनदेखा करने बाले फटाका कारोबारियों के लाइसेंस रद्द हुए साथ ही जिला कलेक्टर से मिलने बाला अनापत्ति प्रमाण पत्र भी रद्द कर दिए गए।

इसमें पिपरिया नगर के पटाखे के बड़े कारोबारी आहूजा ब्रदर्स भी है। प्रशासन की कार्यवाही को लेकर कह सकते है जब जागो तब सबेरा, कई सालों नियम विरुद्ध व्यापार करने बाले पटाखा करोबारी पर कोई बड़े हादसे के पहले सख्त कार्यवाही, जिससे कोई हादसा न हो,पर पटाखा व्यवसायी इसके उल्टे आज भी हादसे को न्योता देते हुए स्कूल, दालमिल,वेयरहाउस के नजदीक पटाखे स्टाक रखते हुए इसकी खरीदी बिक्री कर रहे है। लाइसेंस रद्द होने के बाद अबैध पटाखे कारोबार के बारे में पूछने पर जिसके नाम लाइसेंस था यानि महेश आहूजा उनका कहना है हम फटाके का बिक्री नही कर रहे, लाइसेंस रद्द होने के बाद मुझे कोई जानकारी नही है। पटाखे लाइसेंस धारी महेश आहूजा के भतीजे पटाखे व्यवसाय देखते बाले कृपाल आहूजा (गुड्डु) का कहना है कि प्रशासन के द्वारा लाइसेंस निरस्त करने और अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त करने की जो कार्रवाई की गई है उसके खिलाफ हमने न्यायालय में अपील की है। हम पटाखे बेच सकते है। देखना यह है कि प्रशासन जन सुरक्षा को देखते हुए अपने आदेश का पालन चाचा भतीजे की जोड़ी से करवा पता है क्या? प्रशासनिक आदेश के खिलाफ न्यायालय में केवल अपील कर देने से यह पटाखा कारोबार संचालित किया जा सकता है क्या। आहूजा को पैसे, लोगो की जान से बढ़ कर है? भगवान न करे कि आहुजा ब्रदर्स की गलती का परिणाम आम जनता के लिए भारी पड़ जाए। या हरदा जैसे किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है।

**अपील करने का मतलब यह नहीं कि आप फटाके बेच सकते हैः कलेक्टर सोनिया मीना**

उपरोक्त संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद एसडीएम को मौके पर भेजकर निरीक्षण करवाया गया है। अनावेदक से जवाब प्राप्त होने के बाद प्रतिवेदन जमा करवा कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अनावेदक आहूजा के कथन कि अपील की है इसलिए पटाखे बेच सकते हैं पर कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि अपील का मतलब यह नहीं कि आप पटाखे बेच सकते हैं।

### प्राचार्यों की समीक्षा बैठक कल होगी आयोजित

**नर्मदापुरम।** शनिवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में प्राचार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया है की बैठक में हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम, केसला ब्लाक एवं जो भी शासकीय शालाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है उनका सम्मान तथा जिले और प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जो भी शासकीय अशासकीय शालाओं के छात्र-छात्राएं ने स्थान प्राप्त किया है उनका सम्मान किया जाएगा तथा अन्य विषयों की भी समीक्षा की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने सर्व संबंधितों को बैठक से संबंधी जानकारी के साथ नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।

## लोक उपयोगी सेवाओं के लिए स्थाई लोक अदालत का महत्वपूर्ण योगदान होता हैः अंकिता शांडिल्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य ने आसरा वृद्धाश्रम में गुरूवार को विधिक साक्षरता शिविर के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत रायपुर के सामुदायिक स्वछता परिसर, बांद्राभान में ग्रामीण जनों से मुलाक़ात कर उन्हें लोकोपयोगी सेवाओं से सम्बंधित लोक अदालत के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में नर्मदापुरम जिले में स्थापित स्थायी लोक अदालत में जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों का त्वरित निःशुल्क निराकरण किया जाता है।

कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह, कंपनी, फर्म आदि लोकोपयोगी संबंधी मामले को स्थाई लोक अदालत में फ़ाइल कर सकते है। इसमें हवा, सड़क व जलमार्ग से यात्रियों या माल वाहन के लिए यातायात सेवा, किसी संस्थान द्वारा जनता को विद्युत एवं प्रकाश या जल का प्रदान करना, डाक एवं तार या टेलीफोन सेवा, सार्वजनिक जल संरक्षण या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय सेवा, बीमा सेवा, शैक्षिक या शैक्षणिक संस्थानों, आवास और भू-संपदा सेवा, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं शामिल हैं। कु. अंकिता शांडिल्य जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि स्थायी लोक अदालत ने बताया कि स्थायी लोक अदालत में जन उपयोगी सेवाओं से पीड़ित कोई भी व्यक्ति नि :शुल्क आवेदन कर सकता है अर्थात कोई न्याय शुल्क नहीं लगता है। लोक अदालत के आदेश के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती है और लोक अदालत का पारित आदेश सिविल न्यायालय की डिक्री के समान होता है।

यह आदेश सभी पक्षकारों पर बाध्य होता है। ऐसे वादों का प्री-लिटीगेशन स्तर पर निस्तारण किया जाता है, जो किसी भी न्यायालय में लंबित अथवा संदर्भित नहीं किए गए हों। पक्षकारों के मध्य वाद का निस्तारण सुलह- समझौते के आधार पर होता। ऐसे मामलों की अधिकारिकता है, जिसमें वादग्रस्त संपत्ति का मूल्य एक करोड़ रुपये तक है। लोक अदालत में प्रत्येक कार्य दिवसों में वादों की सुनवाई होती है। जो भी व्यक्ति इन जन उपयोगी सेवाओं का निस्तारण करवाना चाहते हैं। वह किसी भी कार्य दिवस में स्थायी लोक अदालत सिविल कोर्ट नर्मदापुरम के दूरभाष नंबर पर या ई-मेल आइडी पर संपर्क कर सकते है। अधिक जानकारी के टोल फ्री नंबर 15100 पर भी निशुल्क सलाह प्राप्त कर सकते है।

## चिकित्सालय रिनोवेशन कार्य के लिए सड़क पर फैली सामग्री बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर में आईटीआई के सामने संभागीय आयुर्वेदिक अस्पताल स्थित है जिसमें अनेक प्रकार की पेथी के साथ ऑर्थोपेडिक एवं न्यूरो से संबंधित बीमारियों का सफलता के साथ इलाज किया जाता है। जिसका लाभ उठाने दूर-दूर से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र से मरीज आते हैं यही नहीं आसपास के जिले जैसे सीहोर, बैतूल, हरदा के मरीज भी यहां पर स्वास्थ्य लाभ लेते हैं चलने फिरने से मजबूर मरीज यहां इलाज करवा कर स्वस्थ हो जाते हैं। विगत दो महीने पहले इस चिकित्सालय का रिनोवेशन का काम ग्रामीण इंजीनियरिंग सर्विस विभाग की देखरेख में प्रारंभ हुआ है भाकिसं के नेता शिवमोहन सिंह ने बताया कि कार्य के प्रारंभ में ठेकेदार द्वारा खुदाई का काम किया गया। जिसके कारण पूरा अस्पताल अस्त-व्यस्त है यही नहीं ठेकेदार द्वारा रॉ मैटेरियल गिट्टी रेता आदि मुख्य मार्ग पर पटक दी गई है जिससे आगे का मार्ग अवरुद्ध है जो मृगनैनी एंपोरियम को जाता है। इसके साथ ही कुछ अन्य विभाग एवं उसके कुछ कर्मचारी वहां निवास करते हैं रास्ता अवरुद्ध है। मरीज को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उनहोंने संबंधित विभाग से शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं होने पर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत व्यक्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यही नहीं पूरे अस्पताल की बैठक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है। जिस से अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी काम करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है काम कब शुरू होगा कह नहीं सकते?

## विस्थापित ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राजस्व एवं वन अधिकारियों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मढई में राजस्व एवं वन अधिकारियों की अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधिक्षक गुरुकरन सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सतपुडा टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एल.कृष्णमूर्ति द्वारा सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के इतिहास व वन्य प्राणी संरक्षण के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

बैठक में सतपुड़ा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम से विस्थापित राजस्व एवं वनग्रामों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचने, विस्थापित राजस्व ग्रामों की रिक्त भूमि को वनभूमि आरक्षित वन बनाने, वनग्रामों की वनभूमि को निर्वनीकरण (डी नोटिफाई) के पश्चात राजस्व ग्राम घोषित किये जाने, ईको संसेंटिव जोन में हो रहे अवैध निर्माण, ईको सेंसेटिव जोन की मॉनिटरिंग समिति एवं मास्टर जोनल प्लान, अधिसूचना में दिये गये निर्देशों का पालन कराये जाने, पचमढी में किये जाने वाले निर्माण कार्य एवं अन्य गतिविधि के लिए न्यायालय तथा शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराये जाने, पिपरिया-पचमढी मार्ग के सतपुडा टाईगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यप्राणी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्पीड ब्रेकर/रम्बल स्ट्रिप के निर्माण किये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

इसके बाद अधिकारियो को पार्क भ्रमण करकर वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा व विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर सोनिया मीना, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, डीएफओ नर्मदापुरम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार सोहागपुर, पिपरिया, इटारसी, सिवनीमालवा एवं सहायक संचालक सोहागपुर, इटारसी, पचमढी, पिपरिया, उपवन मण्डलाधिकारी सोहागपुर, सिवनीमालवा, नर्मदापुरम एवं सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समर कैंप में वॉलीबॉल के नियमों से रूबरू हो रही हैं खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान मे व जिला शतरंज संघ के द्वारा आयोजित एसएनजी स्कूल मे जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया शतरंज प्रशिक्षण के पांचवे दिन शिविर में खिलाड़ियों ने आपस मे खेल कर नियम सीखे। प्रशिक्षक के रूप में संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी बी दुबे, एसपी मेहरा एवं दिनेश शर्मा ने बच्चों को खेलते समय ओपनिंग, मिडिल गेम एवं एंड गेम के नियम बताये। 5वें दिन लगभग 25 बालक बालिकाओं ने प्रशिक्षण मे भाग लिया। तेजस मित्तल, प्रयत्न हेडॉ, राज वीर सिंह भदौरिया, शुभ साहू, अदिति यादव, नक्षत्र हैडॉ, रेवांश यदुवंशी, ईवान जैन, सूर्या फौजदार, दिवस सिंघई, अर्जित साहू, सिद्धार्थ सुमन वी, रिसिता साहू, जैसिका यदुवंशी, आराध्य शर्मा एवं आदर्श परसाई अरनव गुप्ता,अथर्व बुडाने, अभ्युदय शर्मा, अक्ष गौर, अभिषेक निवारिया, मोक्ष मालवीय, शिखर निवारिया, आराध्य सिंह ठाकुर, अनुराग सिंह राजपूत, प्रणव सिंह राजपूत, आराध्य सोनी, एवं ओजस सोनी आदि ने प्रशिक्षण लिया जिला शतरंज संघ से एस पी मेहरा, बीके दुबे, दिनेश शर्मा, जीपी गौर, योगेश तिवारी,पवन मित्तल, ब्लॉक समन्वयक महेंद्र पचलानिया, एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर 20 मई को

**नर्मदापुरम।** सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत 20 मई सोमवार को प्रातः 9 बजे से जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्र स्तर पर वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। सीएमएचओ ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा समस्त वृद्धजनों 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, उपचार एवं परामर्श,असंचारी रोगों हेतु स्क्रीनिंग एवं उपचार,हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, मानसिक रोग, नाक,कान एवं गला इत्यादि समस्याओं का परीक्षण एवं उपचार,वृद्धजन स्वास्थ्य के संबंध में जन-जागरूकता गतिविधियाँ एवं स्वास्थ्य संवाद,समस्त पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आईडी कार्ड बनाकर वितरण किया जाएगा।

### तालनगरी में आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिवस व्यासगादी से बोले संत सीतारामदास

## निष्काम प्रेम से ही प्राप्त किया जा सकता है प्रभु को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ग्राम तालनगरी मे चल रही संगीतमय श्री राम कथा के सातवें दिवस पर वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य संत सीताराम दास महाराज ने सातवें दिवस की श्री राम कथा में बताया कि वेद से लेकर के रामायण तक परमात्मा को पाने के लिए सर्वश्रेष्ठ साधन केवल निष्काम प्रेम है। राम ही केवल प्रेम पियारा, जानी लेहू जिन्ह जाननिहारा।

व्यास जी ने राम वनवास एवं केवट प्रसंग की कथा सुनाई राम जी को वन जाने से जो राम जी के अनन्य प्रेमी थे वह सभी प्रकट होने लगे पहला प्रेमी माँ केकई जो भगवान की इच्छा को पूर्ण करने के लिए संसार में कलंकित हो गई दूसरा प्रेमी दशरथ महाराज है जो जीते जी राम जी का सानिध्य दर्शन प्राप्त किया और बिछड़ते ही अपने नश्वर शरीर को त्याग दिया इसी प्रकार से प्रभु श्री राम ने अपने प्रेमी भक्तों से दूर होने का नाट्य मात्र करके अपने भक्तों के प्रेम को उजागर किया पंडित भागचंद तिवारी ने बताया कि सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा समस्त क्षेत्रवासी के सहयोग से एवं बाल योगी संत श्री श्री 108 श्री कन्हैया दास महाराज के सानिध्य में श्री अयोध्या धाम से आए हुए यज्ञ आचार्य स्वामी नंदगोपालाचार्य महाराज ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्री राम लला सरकार की उत्पत्ति यज्ञ के द्वारा ही संभव हो सकी यज्ञ से पर्यावरण की सुरक्षा तो होती ही है और साथ में जहां तक यज्ञ का धुआं तथा वेद मंत्रो के उच्चारण की ध्वनि गुंजायमान होती है वहां तक का वातावरण पवित्र हो जाता है ऊर्जा तथा अनेक प्रकार की बीमारी को दूर करता है यज्ञों के द्वारा देवताओं की ऊर्जा शक्ति की प्राप्ति होती है तब वह हमारी कामनाओं की पूर्ति करते हैं इसलिए यज्ञ कार्य करना प्राणी मात्र का परम धर्म है अयोध्या धाम के यज्ञ आचार्य के सहयोगी विद्वान यज्ञ ब्रह्मा अम्बरीष शास्त्री जी पंडित मुकेश वैदिक पं मुकुंद वल्लभ वैदिक तथा पं शिवम वैदिक आदि यज्ञ कार्य को विधिवत संपादित करा रहे हैं यज्ञ की परिक्रमा करने के लिए श्री राम कथा को सुनने के लिए क्षेत्र के अनेको ग्रामों के श्रद्धालु अधिक संख्या में आ रहे हैं आज मां नर्मदा जी की चुनरी यात्रा प्रातः 8:00 बजे से निकाली जाएगी एवं मां नर्मदा जी को तालनगरी घाट से लेकर के मकोडिया घाट तक चुनरी वस्त्र अर्पण किए जाएंगे।

इस पुण्य अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव पार्षद प्रेमा पांडे निर्मला हंस राय ट्रैफिक डीएसपी संतोष मिश्रा सुरेश वर्मा परसराम पटेल अनिल दुबे दिनेश यादव नरेश धुर्वे दौलत राम निमोदा बलवान सिंह चौहान उदय पटेल डोरी लाल कीर अर्जुन भीम महेश सुरेश विनय यादव पवन जीवन दीपक रतन सिंह कीर जमना तिवारी आचार्य सुरेश शर्मा पं कुलदीप पाठक पं कृष्ण कुमार परसाई सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर लक्षण और इलाज के बारे में बताया




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय डेंगू दिवस कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय नर्मदापुरम पर किया गया।

जिसमें नगर की आशा कार्यकर्ता ने भाग लिया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी अरुण श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू के कारण लक्षण उपचार एवम निदान व बचाव की जानकारी विस्तार से बताया गया। सभी विकास खंड में भी कार्यशाला आयोजित की गई।

**खबर संक्षेप**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर मे बुधवार राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी दयारा डेंगू मलेरिया के लक्षण बचाव के उपाय एवं ग्राम में की जाने वाली गतिविधि के दिशा निर्देश दिए साथ ही ग्राम स्तर पर कार्यकर्ताओं को नियमित घर घर भ्रमण कर रोग प्रतिबंधतामक गतिविधि एवं प्रचार प्रसार करने निर्देशित किया प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू संक्रमक बीमारी है जो मच्छरों के काटने से फैलती है। डेंगू रोग का समय पर उपचार किया जाना एवं तरल पदार्थों का नियमित सेवन के साथ आराम करना आवश्यक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर मे मलेरिया निरीक्षक सुबोध गढ़वाल दयारा बताया गया की डेंगू भी मलेरिया के समान मच्छर जनित बीमारी है यह संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है यह मच्छर दिन के समय काटता है एडीज मच्छर पर सफेद धारिया होती है।
डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया हाथीपाव कालाआजार जापानी इनसीफेलाइटिस ये सब संक्रमित मादा मच्छर के काटने से होता है। डेंगू की जाँच जिला चिकित्सालय मे ही की जाती है प्रदेश स्तर से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार दवा उपचार की व्यवस्था है ग्राम मे किसी भी झोलाछाप से इलाज नही करवाये इससे मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है सोते समय मच्छरदानी लगाएं। मच्छर से बचाव के लिए घर के खिड़की दरवाजो पर मच्छर रोधी जाली लगवाने एवं मच्छरों से बचने के लिये पूरी बांह के कपड़े पहनना आवश्यक है।

## नप अध्यक्ष ने किया साप्ताहिक बाजार का निरीक्षण

**शाहपुर।** साप्ताहिक बाजार बुधवार के दिन नगर परिषद शाहपुर के अध्यक्ष विक्की रोहित नायक और जनपद अध्यक्ष शिव शंकर मवासे शाहपुर ने बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों से चर्चा की। उन्होंने व्यापारियों को अवगत कराया कि इस वर्ष में बाजार का ठेका नीलामी नहीं हुआ है। जिसके चलते नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा बाजार वसूली की जा रही है। उसे बाजार वसूली को विधिवत नियम अनुसार कर्मचारी काम कर रहे हैं कि नहीं, यह देखने के लिए वास्तविक परीक्षण करने के लिए उन्होंने व्यापारियों से टैक्स वसूली की रसीद मांगी। और उसका निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने व्यापारियों से उनके इस बाजार में विधिवत दुकान लगाने में कोई परेशानी तो नहीं है। पूछा। और व्यापारियों से अनुरोध किया कि अगर उन्हें कोई समस्या या परेशानी है। तो वह सीधे नगर परिषद शाहपुर में आकर अपनी समस्या बता सकते हैं। इस संबंध में विक्की रोहित नायक नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर ने स्वयं बताया कि उन्हें अभी तक बाजार में किसी भी प्रकार की कोई समस्या प्राप्त नहीं हुई है। और टैक्स वसूली भी विधिवत बराबर कर्मचारी कर रहे हैं। और व्यापारियों को भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

### स्लुस गेट निर्माण को लेकर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है, बारिश आने को है

# इस साल भी नहीं हो सकेगा ताप्ती सरोवर जल निकासी द्वार निर्माण, 15 वर्षों से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ताप्ती एवं शनि सरोवर के मध्य स्थित जल निकासी द्वार स्लुस गेट की समस्या का स्थाई समाधान इस वर्ष भी नहीं हो सकेगा क्योंकि इस वर्ष भी स्लुस गेट निर्माण को लेकर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। अब वर्षा काल आने को है जानकारों का मानना है कि इतने कम समय में राशि की स्वीकृति टेंडर प्रक्रिया का पूरा होना संभव नहीं है। महत्वपूर्ण तथ्य है कि नगर की जनता बीते 15 वर्षों से शनि सरोवर एवं ताप्ती सरोवर के मध्य स्लुस गेट निर्माण की मांग करते आ रही है। अनेकों बार नगर परिषद प्रस्ताव ले चुकी है किंतु उसके बावजूद भी सरोवर गेट निर्माण आज भी नगर प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल नहीं है।




### खराब हुआ स्लुस गेट, जर्जर हुई पलिया

इधर दूसरी ओर स्लुस गेट पूरी तरीके से खराब हो चुका है इसका नए सिरे से निर्माण करना होगा।गजानन मंदिर के समक्ष ताप्ती सरोवर पर स्थित जल निकासी मार्ग स्लुस गेट अत्यंत जर्जर अवस्था में पहुंच गया है जिससे ताप्ती का जल स्तर बढ़ने के बाद निरंतर पानी का रिसाव होते रहता है। जलमार्ग के अंदर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई है जहां पानी ने अपना रास्ता बना लिया है। सबसे बड़ा संकट गेट के ऊपर बनी पुलिया का है जो की नीचे से जर्जर हो गई है। प्लास्टर पूरा झड़ चुका है और लोहा जंग खाकर खराब हो गया है। ऐसी स्थिति में अगर वर्षा काल में यह पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाती है या ढ़ह जाती है तो गंभीर हादसा हो सकता है।



### ताप्ती से जुड़े कार्य प्राथमिकता में शामिल क्यों नहीं

बीते 4 महीने में मुलताई नगर की अनेक योजना को स्वीकृति मिली है। कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत) 2.0 योजना वाटर सप्लाई जल प्रदाय के लिए 7 करोड़ 18 लाख रुपए, सूर्य नारायण सरोवर जीर्णोद्धार के लिए 91 लाख रुपए ,सूर्य नारायण सरोवर के पास पार्क एवं सौंदरीकरण के लिए 39 लाख रुपए । जानकारों का मानना है अगर नगर पालिका के लिए ताप्ती से जुड़े कार्य प्राथमिकता में शामिल होते तो इस योजना में घाट निर्माण और स्लुश गेट निर्माण को भी जोड़ा जा सकता था।

### इनका कहना

मैने ताप्ती स्लुस गेट निर्माण का 16 लाख रुपए का एस्टीमेट और डिजाइन बनाकर दिया था किंतु यह विभागीय रूप से नहीं था मां ताप्ती से जुड़ा मामला होने के कारण व्यक्तिगत रूप से नगर पालिका की मदद की थी।

**सीएल मरकाम एसडीओ जल संसाधन विभाग मुलताई**

जल संसाधन विभाग डब्ल्यु आर डी से 25 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया गया है ।जिसकी प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति होना शेष है।

**योगेश अनेराव**
**उपयंत्री नगर पालिका मुलताई**

### अतिरिक्त भार के नाम पर कर रहे परेशान

# रात 10 बजे महिला के घर बिजली काटने पहुंचे कर्मचारियों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

गर्मी चरमसीमा पर है ऊपर से बिजली विभाग के संविदा में काम करने वाले कर्मचारी अतिरिक्त भार के नाम पर सारनी, पाथाखेड़ा,शोभापुर में उपभोक्ताओं के साथ लूट खसोट करने से बाज नहीं आ रहे यदि किसी उपभोक्ता ने अतिरिक्त भार से संबंधित जानकारी लेनी चाहिए या पूछनी चाहिए तो बिजली विभाग के कर्मचारी उनके बिजली कनेक्शन काट दे रहे हैं। कुछ इसी तरह का मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। वितरण विभाग सारनी के संविदा के कर्मचारियों के माध्यम से रात 10 बजे सारनी के एक महिला जो अकेली रहती है उसके घर बिजली का कनेक्शन काटने पहुंच गए बाकायदा कर्मचारियों के माध्यम से दीवार फांदकर कनेक्शन काटने का प्रयास कर रहे थे साथ ही महिला के घर का दरवाजा भी खटखटाया जिस पर महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया तब आस पड़ोस के लोगों ने बाहर निकाल कर बिजली विभाग के संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की और उनकी जमकर पिटाई कर दी। मामला सारनी थाने में पहुंचा। इस मामले में पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन युवकों के माध्यम से उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को भी अंजाम दिया गया है।



### सीखो कमाओ योजना बताकर बिजली विभाग झटक रहा पल्ला

बिजली वितरण विभाग के कर्मचारियों की माने तो केंद्र सरकार के माध्यम सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत जिन युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया था वही युवा सारनी की महिला के घर बिजली कनेक्शन काटने गए हुए थे उनका बिजली विभाग से किसी भी तरह का कोई लेना-देना नहीं है ऐसी स्थिति में अब कई तरह के सवाल उठने लगे हैं सीखो कमाओ के अंतर्गत जिन युवाओं को बिजली विभाग के कर्मचारी अधिकारी प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। आखिर उन कर्मचारियों को किसी उपभोक्ता पर कितना बिल बाकी है और किसका बिजली कनेक्शन काटना है इसकी जानकारी किसने उपलब्ध करवाने का कार्य किया है

### इनका कहना है....

बिजली विभाग के संविदा या सीखो कमाओ वाले युवाओं के माध्यम से रात 10 बजे सारनी की महिला के घर जाकर बिजली कनेक्शन काटने का काम किया गया है तो इसकी जांच की जानी चाहिए और बिजली विभाग के किसी अधिकारी ने उन्हें भेजा है उन पर निलंबन की कार्रवाई की जानी चाहिए।

**रजीत सिंह विधायक प्रतिनिधि सारनी**

केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है बिजली को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित कटौती युद्धस्तर पर है ऐसे में अकेली महिला के घर रात 10 बजे बिजली कनेक्शन काटने जाने वाले कर्मचारियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए और निलंबन की कार्रवाई हो।

**भूषण कांति यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव**

## दुनावा और घाट पिपरिया के पास दो सड़क हादसे में 5 लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

छिंदवाड़ा मार्ग पर बीती देर रात दुनावा के पास वाहन ने बाइक सवार लोगों को टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए । दूसरी घटना में घाट पिपरिया कि पास दो युवकों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम बड़गोना जोशी छिंदवाड़ा निवासी सतीश पुत्र मुन्नीलाल, मदन पुत्र जयराम और जितेंद्र पुत्र मदन तीनों मोरखा से अपने गांव लौट रहे थे तभी सामने से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। तीनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ग्राम घाट पिपरिया कि पास बीती देर रात दो लोग बाइक से गिर कर घायल हो गए। संजू पुत्र चिंध्या उम्र 30 वर्ष निवासी घुड़न खापा एवं सुमित पुत्र संजू 15 वर्ष घाट पिपरिया के पास एक सड़क हादसे में गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए।



### गंभीर अवस्था में बैतूल रेफर

## ग्राम वलनी में आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गई महिला

**मुलताई ।** क्षेत्र में मौसम की बेरुखी थमने का नाम नहीं ले रही है। हवा धुंध, बरसात ओलावृष्टि के साथ आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली जनहानि थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार निकटतम ग्राम वली में आकाशी बिजली गिरने से एक महिला के झुलस जाने के समाचार मिले हैं। महिला को गंभीर अवस्था में मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से उसे बैतूल रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुलताई से लगे निकटतम ग्राम वलनी में तेज हवा और बरसात प्रारंभ हुई ।इसी बीच सोमांती बाई पति गोल सिंह चौहान निवासी वलनी 30 वर्ष अपने ग्राम से लगे खेत के कुएं में कपड़े धोने गई थी। मौसम बिगड़ता देख वह वापस अपने घर लौट रही थी कि अचानक उसके समीप बिजली गिर पड़ी और महिला आकाशी बिजली की चपेट में आकर पूरी तरह से झुलस गई । इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने महिला को उठाकर ग्राम में लाया।

### सीएम की मंशानुसार कृषि विभाग की अभिनव पहल

# किसानों को घर पर ही ऑनलाइन मिलेगा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि किसान अब शासकीय योजनाओं का लाभ कहीं से भी और कहीं पर भी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों के हित में सरकार नित नए नवाचार कर रही है। इसी अनुक्रम में किसान शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे प्राप्त कर सकते है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए कृषक घर बैठे ही आवेदन कर सकते है। किसान अपना आवेदन बीज एवं सूक्ष्म पोषक तत्व, पाइपलाइन, स्प्रिंकलर, ड्रिप प्रदर्शन के लिए कर सकेंगे।

उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया ने बताया कि अब किसानों को उनके एंड्रॉयड मोबाइल पर ही एमपी किसान एप के माध्यम से किसान स्वयं अपने घर बैठे पंजीयन- आवेदन कर सकते है। इसके लिए किसान को गूगल प्ले स्टोर से एमपी किसान एप 2.5.9 वर्जन डाउनलोड करके कृषि विभाग की जिस भी योजना का जिस भी घटक का लाभ लेना चाहते है, उसका आवेदन स्वयं घर पर अपना पंजीयन कर सकता है।

आयुक्त, किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ अब कृषक ऑनलाइन ही ले सकते हैं, के सबंध में प्रदेश के समस्त मैदानी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। कृषक का आवेदन क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी के पास ऑनलाइन दिखने लगेगा। कृषि विस्तार अधिकारी आवेदन को स्वीकृत कर देगा तो वह आवेदन स्वयं ही विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पास ऑनलाइन पहुंच जाएगा। स्वीकृति उपरांत कृषक को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ मिल जाएगा।

उप संचालक कृषि द्वारा बैतूल जिले के समस्त मैदानी अमले को निर्देशित किया गया है कि कृषि विभागीय योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचाने के लिए कृषकों को ऐप डाउनलोड करें तथा ऑनलाइन आवेदन कराकर पोर्टल पर पंजीयन कराएं। किसान भाई स्वयं ही एमपी किसान एप डाउनलोड करें, समस्या आती है तो अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क करें, जो आपकी समस्या को हल करने के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे।

### आठनेर में नगर परिषद की लापरवाही पर सभापतियों ने भी निकाली भड़ास

# कानून के उल्लंघन के साथ ही मानवाधिकारों का भी हो रहा हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगर परिषद आठनेर के स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण वे बिना किसी सुरक्षा किट के गंदी नालियों की सफाई करने के लिए मजबूर हैं। इसके परिणामस्वरूप, इन कर्मियों के गंभीर बीमारियों की चपेट में आने की संभावना बढ़ गई है। इस मामले में स्वच्छता पर्यवेक्षक गफ्फार काजी ने बताया, ह्रहमने आवश्यक सामग्री के लिए कई बार मांग की है, लेकिन अब तक हमें कोई भी सामग्री प्राप्त नहीं हुई है।

- नगर परिषद की लापरवाही की भेंट चढ रहे सफाईकर्मी
- गंभीर बीमारियों होने की संभावना, कौन होगा




इस स्थिति में, अगर स्वच्छता कर्मी किसी गंभीर बीमारी का शिकार होते हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

स्वच्छता कर्मियों का कहना है कि उन्हें न तो मास्क, न ग्लव्स, और न ही अन्य कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

### कहीं नहीं हो रही सुनवाई

इस मामले में पार्षद वार्ड नं. 15 और स्वच्छता सभापति पूनम प्रवीण चढ़ोकार ने कहा, मेरे द्वारा कई बार अध्यक्ष और सीएमओ से कहा गया, किन्तु मेरी कही हुई किसी भी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अपनी ही मर्जी से नगर सरकार चला रहे हैं। पार्षदों या सभापतियों की बातों को कोई तवज्जो नहीं दी जाती है।

### सफाई, पानी की समस्या की अनदेखी

सभापति राजस्व व सामान्य प्रशासन नगर परिषद आठनेर, गायत्री कैलाश आजाद ने बताया कि साफ सफाई और पानी की समस्या पर अधिकारियों का ध्यान नहीं है। मौखिक और लिखित शिकायतों पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर परिषद की अधिकारियों का ध्यान साफ सफाई और पानी की समस्या पर नहीं है। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गायत्री कैलाश आजाद के अनुसार, यह समस्या नगर के निवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अधिकारियों को इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए ताकि साफ सफाई और पानी की समस्या का समाधान हो सके।

## सीएमराइज स्कूल निर्माण के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**शाहपुर।** शाहपुर नगर परिषद में बन रहे सीएम राइज स्कूल के विरोध में शाहपुर नगर के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा एसडीम शाहपुर को निर्माण कार्य रुकवाने हेतु ज्ञापन दिया गया । इसके पहले भी गंगाबाई सज्जन सिंह विधायक एवं वरिष्ठ कई अधिकारी कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया। शाहपुर के हाई स्कूल ग्राउंड में सीएमराइज भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिससे कि शासकीय हाई स्कूल के खेल मैदान खत्म हो रहा है। वरिष्ठ नागरिक अमित महतो, कुलदीप चौधरी आदि कई नागरिकों के द्वारा बताया गया कि यह जमीन शासकीय हाई स्कूल 1958 में उनके पूर्वज रघुनंदन चौधरी के दान की गई थी। जिससे कि शाहपुर नगर वासियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य जगह दूर-दूर न जाना पड़े।

### नपा अध्यक्ष ने किया एनीकेट का निरीक्षण

## भीषण गर्मी में गहराया जलसंकट, ताप्ती बैराज से नहीं हो पा रहा पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अमृत योजना के तहत नागरिकों को पेयजल सप्लाई के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर योजना का बैतूल शहर में संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत मशीनों का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं होने के कारण शहर में आए दिन पेयजल संकट खड़ा हो जाता है। इस साल भीषण गर्मी में शहर में जलसंकट गहरा गया है। बताया जा रहा है कि ताप्ती बैराज की मोटर जलने और पंप में खराबी के कारण शहर के कई हिस्सों में पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही हैं जिससे नागरिकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल शाखा के प्रभारी नागेंद्र वागद्रे ने बताया कि ताप्ती बैराज के इंटकवेल की मोटर पहले ही जल गई थी और इसके बाद पंप में खराबी आनेके कारण पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई है।

मोटर कल सुधरकर आ गई है और उसकी फिटिंग का कार्य शुरू है। गुरुवार की शाम तक पेयजल सप्लाई की व्यवस्था पूरी तरह सुधर जाएगी। इसके लिए पूरी टीम कल रात से ही लगी हुई है। इसके अलावा दूसरी मोटर भी सुधरकर आने वाली है। आने वाले दिनों में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित ना हो, इसको लेकर नगर पालिका पूरे भरसक प्रयास कर रही है।

### कलेक्टर ने छात्राओं की दी बधाई

## 41 प्रशिक्षणार्थियों का दल ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए बुदनी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के 41 प्रशिक्षणार्थियों का दल ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए गुरुवार को वर्धमान फेब्रिक्स लिमि. बुदनी जिला सीहोर के लिए रवाना हुआ। दल ने रवाना होने के पूर्व कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी से मुलाकात की।

कलेक्टर सूर्यवंशी ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए महिला आईटीआई द्वारा महिला सशक्तीकरण के प्रयासों की सराहना की एवं प्रशिक्षणार्थियों को मन लगाकर ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में सतर्क रहते हुए पूरी संजीदगी से अपने कार्य को करते रहे एवं सीढी दर सीढी आगे की ओर बढ़ते रहे। साथ ही अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के सतत संपर्क में रहे।

प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया कि इस ऑन जॉब ट्रेनिंग को कराने के लिये वर्धमान फेब्रिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक ताराचंद गुप्ता, कारखाना प्रबंधक अजय शर्मा एवं एचआर अधिकारी अजय कुमार मालवीय द्वारा कम्पनी के खर्च पर प्रशिक्षणार्थियों के जाने आने हेतु बस की सुविधा के साथ 15 दिन रुकने एवं भोजन की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि कौशल विकास विभाग द्वारा महिला आईटीआई बैतूल को ग्रीन आईटीआई के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसके तहत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसके पूर्व फ्लोरीकल्चर एण्ड लेण्डस्केपिंग ट्रेड के 43 प्रशिक्षणार्थियों को ऑन जाब ट्रेनिंग हेतु कान्हावनम (फारेस्ट बाई हार्टफुलनेस) हैदराबाद भेजा गया था।

### लोडिंग ऑटो की टक्कर में घायल युवक की मौत

**बैतूल।** यातायातों नियमों की धज्जियां उड़ते हुए वाहन चालक वाहन चलाते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है, बावजूद इसके वाहन चालक इससे कोई सबक नहीं लेते हैं। ऐसा ही एक घटना में एक बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। बाइक सवार को लोडिंग ऑटो ने टक्कर मार दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्षित पिता कमल बेले उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम हसलपुर निवासी युवक फिलहाल पावर कॉलोनी बोडखी आमला में रह रहा था। युवक बुधवार शाम 6 से 7 बजे के करीब अपनी बाइक से घर से कुछ दूर किसी निजी काम से गया था और युवक अपना काम खत्म करके वापस अपने घर आ रहा था तभी रास्ते में लोडिंग ऑटो ने युवक की बाइक को अचानक ही जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसमें युवक को सर और पैर में गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने युवक को आमला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद युवक को देर रात 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया था।

### स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों को मतगणना प्रक्रिया से कराया अवगत

# त्रि-स्तरीय अभेद्य सुरक्षा घेरे में होगी मतगणनाः कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि त्रिस्तरीय अभेद्य सुरक्षा घेरे में मतगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि 4 जून को प्रातः 8 बजे से 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना जेएच कॉलेज में प्रारंभ होगी। इसके साथ ही बैतूल संसदीय क्षेत्र के आठ विधानसभा के डाक मत पत्रों की गणना भी जेएच कॉलेज में की जाएगी। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्टैंडिंग कमेटी के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे सभी लोग मतगणना के दिन प्रातः 7 बजे के पूर्व मतगणना भवन में अपने-अपने कक्षों में उपस्थित हो जाए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिनिधियों एवं ड्यूटी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

### इस तरह बनाई गई त्रिस्तरीय सुरक्षा

कलेक्टर ने बताया कि प्रथम सुरक्षा घेरा मतगणना केंद्र से 100 मीटर दूरी से प्रारंभ होगा। यह स्थान पैदल क्षेत्र होगा। वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस क्षेत्र में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। प्रवेश करने वाले अपने प्रवेश पत्र साथ रखेंगे और बिना प्रवेश पत्र के प्रवेश निषेध रहेगा। कार्यपालिका मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया जाएगा। अभ्यर्थी, अभिकर्ता, गणना स्टाफ और मीडिया पर्सन को अपने-अपने प्रवेश पत्र, परिचय पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
द्वितीय सुरक्षा चक्र परिसर के प्रवेश द्वार पर होगा। प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग के पश्चात ही प्रवेश दिया जाएगा। महिला एवं पुरुष के लिए फ्रिस्किंग की व्यवस्था पृथक-पृथक रहेगी। माचिस, लाइटर, शस्त्र, रिकॉर्डिंग डिवाइस प्रतिबंधित रहेगे। मोबाईल का उपयोग भी निर्दिष्ट स्थान पर ही किया जा सकेगा।
तीसरा चक्र आंतरिक सुरक्षा के रूप में गणना हॉल के प्रवेश द्वार पर होगा। सीआरपीएफ की टुकड़ी से सुसज्जित प्रवेश द्वार पर भी फ्रिस्किंग की व्यवस्था रहेगी। अनाधिकृत मोबाइल की अनुमति नहीं होगी ।

### मतगणना हेतु विधानसभावार होगी टेबल

कलेक्टर सूर्यवंशी ने कहा कि विधानसभावार मतगणना हेतु टेबल की व्यवस्था की जाएगी। इसमें एक विधानसभा को दो-दो कक्ष आवंटित किए गए है। इसमें प्रत्येक दल का एक-एक अभिकर्ता नियुक्त कर सकते है। इसमें सर्वाधिक 26 टेबिल 365 मतदान केन्द्र घोड़ाडोंगरी के लिए रहेगी। यहां पर 15.5 राउंड मतगणना की जाएगी। मुलताई, आमला एवं बैतूल विधानसभा क्षेत्रों के लिए 22-22 टेबल लगाई जाएगी। मुलताई में 14.2 राउंड, आमला में 13.3 राउंड, बैतूल के लिए 14.3 राउंड मतगणना की जाएगी। भैंसदेही में 14.11 राउंड मतगणना के होंगे। 347 भैंसदेही के मतदान केन्द्रों के लिए 25 मतगणना टेबल लगाई जाएगी। उपरोक्त के अनुरूप ईवीएम सीलिंग एवं लिफाफे की सीलिंग के लिए निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं।

### अब तक 423.52 करोड़ की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया

# किसानों को गेहूं उपार्जन का भुगतान तेजी से किया जाए: कलेक्टर मीना

**उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े एवं उनके उपार्जन का भुगतान भी सुविधापूर्वक मिल सके। इसके लिए ईमानदारी से काम करने की आवश्यकता है। यह बात गुरूवार को गेहूं उपार्जन की बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को गेहूं उपार्जन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गेंहू उपार्जन एवं परिवहन के कार्य में तेजी लाते हुए किसानों को तेज गति से गेंहू उपार्जन का भुगतान करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समिति स्तर पर हम्मालों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदि एवं ईपीओ में गैप न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि गेहूं का परिवहन करने के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्वीकृति पत्रक बनाने में तेज गति से कार्य करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रिजेक्ट गेहूं को अपग्रेड करने का कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहे। बताया गया कि अब तक 6897 मे.टन गेहूं में से मात्र 2 हजार मे.टन गेहूं अपग्रेड रहना शेष रह गया है। जो गेहूँ अपग्रेड हो गया है उसका एसी नोट बनाकर भुगतान किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में 178 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए थे जिनमें सभी 178 उपार्जन केन्द्र संचालित है। गेहूँ उपार्जन का कार्य आगामी 20 मई तक किया जाएगा। कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे उपार्जन कार्य में तेजी लाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्रों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। उनके लिए उपार्जन केन्द्रों में पेयजल एवं छाया की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ई उपार्जन पोर्टल पर कुल 178 उपार्जन केन्द्र सक्रिय रूप से उपार्जन का कार्य कर रहे हैं, इनमें जेव्हीएस गोदाम परिसर स्तरीय 109, शासकीय गोदाम स्तरीय 20, स्टील साइलो स्तरीय 9 एवं समिति स्तरीय कुल 23 उपार्जन केन्द्र तथा मंडी/उपमण्डी स्तरीय 17 केन्द्र संचालित है। बताया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर कुल 34 हजार 288 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किए गए हैं। जिनमें अब तक 23 हजार 237 किसानों ने अपने गेहूं का विक्रय कर चुके हैं। इन किसानों से कुल 2 लाख 58 हजार 303 मे.टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं का परिवहन सतत रूप से किया जा रहा है। अब तक 2 लाख 35 हजार 320 मे.टन गेहूं का परिवहन किया गया है। 16 हजार 991 में.टन गेहूं परिवहन हेतु शेष है। इसके साथ ही किसानों को 423.52 करोड़ रुपए का भुगतान सफलतापूर्वक उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। आज दिनांक तक एफसीआई को 39 हजार 043 मे.टन गेहूं का परिदान किया जा चुका है। साइलो भंडारण में 47 हजार 550 मे.टन उपार्जित गेहूं का भंडारण किया जा चुका है। अत तक 5 हजार 094 में.टन का अपग्रेडेशन किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को गेहूँ उपार्जन का कार्य सुव्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए।

# स्वच्छता परिसर में सेफ्टी टैंक की सीट लगाकर छोड़ दिया, नहीं की गई फिटिंग

### ग्रामीणों ने पंचायत पर लगाया राशि आहरण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत धनाश्री के ग्राम संखनी में सरकार के द्वारा 4 लाख 75 हजार की लागत से स्वच्छता परिसर बनाने के लिए पंचायत को राशि जारी की गई थी। पंचायत के द्वारा स्वच्छता परिसर बनाकर तैयार किया गया है लेकिन अंदर परिसर में सेफ्टी टैंक की सीट भर लगाई गई है कहीं कोई फिटिंग नहीं की गई है सभी कार्य अधूरा पड़ा हुआ है ग्रामवासी हेमंत पटेल के अनुसार राशि का हरण भी पंचायत के द्वारा पूरा कर लिया गया है। इस तरह से पंचायत में अनि को वित्तीय अनियमितताएं की जा रही है लेकिन पंचायत इंस्पेक्टर ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तक अभी तक इस ग्राम पंचायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। इस बारे में स्वच्छता शाखा प्रभारी दीपिका लहरिया से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि 4 लाख 75 हजार की राशि से स्वच्छता परिसर का निर्माण किया गया है लेकिन पंचायत के द्वारा अभी तक पूर्ण न करने को लेकर पांच बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं तथा 15वें वित्त की राशि जो पंचायत के पास है उसे स्वच्छता परिसर को कटिंग करने लायट सहित पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें 15 दिवस का समय दिया गया है यदि 15 दिवस के अंदर पुरी तरह से तैयार नहीं की तो वसूली करने की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारी अपने विभाग से संबंधित साप्ताहिक प्रगति रिर्पोट प्रस्तुत करें: कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जिला कार्यालय की समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों की बैठक ली गयी। जिसमें कार्य विभाजन के अनुरूप उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक सप्ताह अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जहाँ कहीं भी समस्या हो वहाँ अपर कलेक्टर डी. के. सिंह से दिशा निर्देश प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर द्वारा सी.एम. मॉनिटर, सी.एस. मॉनिटर, भू-अर्जन, राहत शाखा, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, भू-स्वामित्व, मंडी विभाग के कार्यों को गंभीरता पूर्वक करने की हिदायत भी दी गयी। उक्त बैठक में शाखा प्रभारी अधिकारियों के रूप में देवेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर, अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर, डॉ. बबीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर,असवनराम चिरामन, डिप्टी कलेक्टर, एवं जय सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर उपस्थित हुए।

# शिव नगरी पचमढ़ी से शिवभक्तों का जत्था पशुपतिनाथ नेपाल रवाना

### नेपाल में बहेगी श्रीमद् भागवत कथा की रसधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पचमढ़ी से भगवान पशुपति नाथ की नगरी नेपाल में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का महाविशाल आयोजन कथा व्यास श्री राजुल पांडे (राधे राधे महाराज जी) के नेतृत्व में गुरूवार को किया जा रहा है। जिसमें हमारी शिव नगरी पचमढ़ी से लगभग 50 भक्तगणों का जत्था रवाना हो रहा है। जिसमें जिला नर्मदापुरम ,जिला हरदा, जिला बैतूल से लगभग 350 भक्तगण संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करेंगे । पचमढ़ी के ग्रुप का नेतृत्व रिटायर्ड सूबेदार समाज सेवी संजय कोरी एवं समाज सेवी गायत्री परिवार पचमढ़ी के अध्यक्ष संदीप गुप्ता करेंगे। श्री महाशिवपुराण कथा 23 मई को समाप्त होगी। कथा को लेकर पचमढ़ी नगर में उत्साह का माहौल नजर आया। हर कोई इस कथा में जाने के लिए लालायित दिखाई दिया। रवाना होने वाले जत्थे को बस स्टैंड स्थित श्री शिव मंदिर में सामूहिक रूप से एकत्रित कर गायत्री परिवार,विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर हर हर महादेव के जय घोष के साथ विदाई दी। इस दौरान सभी की आंखें नम नजर आईं। इस विदाई समारोह के आयोजन में रमेश त्रिपाठी, सत्येन्द्र गुप्ता, बंटी नागवंशी, सुनिल कोरी, यशवंत साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# तिरंगा लेकर साइकिल यात्रा से महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र से सुरेंद्र बामने ने सेनेटरी पैड के प्रति महिलाओं को एवं सभी लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल पर यात्रा निकाली है जो साइकिल में तिरंगा लेकर निकले हुए हैं उन्होंने बताया कि वह 55 जिलों की यात्रा कर चुके हैं 13 1 सभी जागरूक करने के उद्देश्य से उनके द्वारा यह साइकिल यात्रा की जा रही है उन्होंने बताया कि महिलाओं को स्वच्छता एवं मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता रखने के लिए सेनेटरी पैड का उपयोग आवे यात्रा निकाली गई है ग्रामीण क्षेत्र में आज भी महारानी तरीकों का उपयोग करते हैं जिस पर या होती है इस बात को ध्यान में रखते हुए यह यात्रा निकाली गई है महिलाओं को निशुल्क रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं ऐसी शासन से उनके द्वारा आवेदन के माध्यम से मांग की गई है। आंगनबाड़ी केदो से लेकर सभी सामाजिक संगठनों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने के लिए यात्रा निकाली गई है उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर 2023 को नर्मदा पुरम से शुरुआत की है इस दौरान मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में होते हुए गांव गांव तक जागरूकता फैला रहे हैं लोगों को सैनिटरी पद के महत्व के बारे में बता रहे हैं उनकी यह यात्रा न केवल सामाजिक संदेश दे रही है बल्कि महिला स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक कर रही है।उन्होंने बताया कि समाज में परिवर्तन की दिशा में यह एक कदम उठाया गया है इस तेल को देखते हुए स्पष्ट होता है कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन रहना चाहते हैं इसलिए यात्रा न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी है बल्कि यह समझ में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति एक बड़े बदलाव की शुरुआत की है इस यात्रा में उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग मुद्दे के प्रति जागरूक होंगे महिलाओं के स्वास्थ्य और दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाएंगे। शहर में प्रवेश करते ही उनका मंगलवार चौराहे पर पत्रकार जनों के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

# नपाध्यक्ष ने कर्मियों को दिए वर्दी पहनने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल के द्वारा नगर पालिका परिषद में संचालित सभी शाखों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि शाखा प्रभारी से लेकर सभी कर्मचारी शासन के द्वारा निर्धारित वर्दी पहनकर कार्यालय नहीं आ रहे हैं और ना ही उसका उपयोग कर रहे हैं। इसलिए सभी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह शासन के द्वारा निर्धारित की गई बर्दी को पहनकर प्रतिदिन कार्यालय में आएंगे। जो कर्मचारी बर्दी पहने कार्यालय नहीं आवेगी उसे पर जुर्माना लगाया जावेगा। साथी उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि नगर पालिका परिषद में कोई लोक हितकारी योजना को लेकर कोई जनता परेशान नहीं रहना चाहिए। हितकारी योजनाओं को लेकर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तत्काल व्यक्ति के नगर पालिका परिषद में आते ही जिस शाखा से संबंधित काम है उसे शाखा प्रभारी के द्वारा शीघ्र कारण पूर्ण किया जावेगा। अध्यक्ष उपाध्यक्ष के पास किसी तरह की शिकायत नहीं आना चाहिए इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष पर ते पार्षद कौशल्या ठाकुर रचना केवट राजा सोनी अरुण ठाकुर सहित सभी शाखों के अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे और सभी शाखों का निरीक्षण अध्यक्ष एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। आचार संहिता के कारण पालिका अध्यक्ष अभी अपने कार्यालय में बैठ नहीं रहे है। परिषद की परीक्षण किया जाएगा।

# अश्वगंधा फसल का प्रशिक्षण हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र के उत्साही एवं प्रयोगधर्मी किसानों का अश्वगंधा लाभ की खेती बिषय पर शोभापुर के एक निजी स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें नीमच से पधारे औषधीय खेती विशेषज्ञ डॉ एसएस सारस्वत, कृषि विज्ञान केन्द्र गोविंद नगर से डां. लवेश चौरसिया, कषि विभाग से राजपूत, उद्यानिकी विभाग से दुर्गेश बडोले ने किसानों को अश्वगंधा औषधीय खेती की बुआई से उपज तक पूरी तकनीकी को किसानों को बतलाया। उपरोक्त आयोजन संजीवनी किसान उत्पादक संगठन शोभापुर ने करवाया।

संगठन से सुशील भार्गव, प्रमोद साहू, दिनेश ठाकुर सहित 65 किसानों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# महाविद्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत विज्ञान संख्याओं को प्राप्त इंस्ट्रूमेंट के उपयोग के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन हाई स्पीड मोड पर किया गया ताकि स्कूल दराज के विद्यार्थी जो महाविद्यालय आकर्षाला में भाग लेने में असमर्थ थे के घर पर रहकर ही कार्यशाला का लाभ ले सकें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ कामिनी जैन एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ राकेश वर्मा द्वारा अतिथि भक्तों का स्वागत उद्बोधन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ ओएन चौबे ने ऑनलाइन उपस्थित होकर प्रयोगशाला में प्राप्त उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग और शोध में उनके उपयोग की बात समझा दी। डॉ राकेश मेहता, एमजीएम इटारसी में ऑनलाइन उपस्थित होकर नई शिक्षा नीति में इंस्ट्रूमेंट के महान पर विस्तृत पर चर्चा की डॉक्टर रवि उपाध्याय वनस्पति शास्त्र के द्वारा विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से इंस्ट्रूमेंट के विषय में बताया तथा विद्यार्थियों को प्रयोग भी करवाया जाए। विज्ञान संकल्प विभाग अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार अंबिका सिंह प्रोफेसर किटी मौर्य, डॉ अनीता सिंह, रवि विश्वकर्मा, बसंत नेपाल, डॉ रश्मि पटेल आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल शिक्षामंत्री ने दी पूर्व मंत्री स्व. दुबे को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन स्व. विजय दुबे काकू भाई के कावेरी स्टेट, न्यास कॉलोनी इटारसी स्थित निवास पर पहुंचकर मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा एवं परिवहन कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक दीपक हरिनारायण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सोनू दीक्षित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कल्पेश अग्रवाल, राजेश तिवारी, आशुतोष शरण तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राजपूत, जिला महामंत्री मुकेश मैना, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सोरोत, विधायक प्रतिनिधि गोकुल पटेल, भाजपा नर्मदापुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी, रोहित गौर, युवा मोर्चा जिला मंत्री गोपाल शर्मा, अभिषेक शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा नगर महामंत्री राकेश मालवीय, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर महामंत्री, आईटी एवं सोशल मीडिया मण्डल संयोजक मयूर मालवीय, शिवकांत मालवी सहित अनेक पदाधिकारी पहुंचे थे। स्व.काकू भाई के छोटे भाई संजय दुबे, अभय दुबे, भाजपा पार्षद कीर्ति संजय दुबे, डॉ.नीता अजय दुबे, काकू भाई के पुत्र अनुभव दुबे, उत्कर्ष संजय दुबे एवं समस्त परिवारजन उपस्थित थे।

# विधायक के निर्देश पर पार्क का सुधार कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अटल पार्क में सभापति की चेतावनी के बाद नगर पालिका ने ओपन जिम, झूलों की मरम्मत और फव्वारे का सुधार कार्य करा दिया है। सभापति की चेतावनी के बाद विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने भी मामले को संज्ञान में लेकर शहर के सभी पार्कों में सुधार कार्य कराने के निर्देश दिये थे। गौरतलब है कि चार दिन पूर्व सभापति राकेश जाधव ने अटल पार्क में रख-रखाव के अभाव में झूले, स्ट्रीट लाइट, ओपन जिम, फाउंटेन बंद होने जैसी समस्या को लेकर सीएमओ इटारसी को जल्द समस्या का हल करने का कहते हुए समस्या हल नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। नपा ने तत्काल जाधव के पत्र पर कार्यवाही करते हुए अटल पार्क का मेंटेनेंस करवा दिया है। सभापति जाधव ने नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ ऋतु मेहरा का आभार व्यक्त किया।

### रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया निरीक्षण

# शांति धाम के कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शांतिधाम शमशान घाट जन भागीदारी समिति जो कि रोटरी क्लब इटारसी नगर पालिका परिषद एवं जन सहयोग के द्वारा संचालित होती है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3040 रोटेरियन रितु ग्रोवर इंदौर एवं जनरल सेक्रेटरी वर्षा सोनी ने इटारसी रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ शांतिधाम शमशान घाट का भ्रमण किया। शांति धाम के प्रबंधक घनश्याम तिवारी ने अतिथियों का पुष्पहारों एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया एवं इस अवसर पर शांति धाम समिति के कोषाध्यक्ष रोटेरियन दीपक जीडी अग्रवाल ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को शांति धान की समस्त गतिविधियां बताई एवं किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। अस्वस्था के चलते शांति धाम समिति के कार्यकारी सदस्य प्रमोद पगारे उपस्थित नहीं हो सके। रोटरी गवर्नर रितु ग्रोवर ने कहा कि नगर पालिका, नागरिको के सहयोग से रोटरी क्लब इटारसी के द्वारा यह अद्भुत कार्य किया जा रहा है। यहां आने पर ऐसा लगता ही नहीं है कि यह शमशान घाट है ।उन्होंने विकास कार्य एवं अब तक पूर्ण हो चुके कार्यों एवं रोटरी स्तंभ का अवलोकन किया एवं उन्होंने स्वीकार किया कि महानगरों को भी शांति धाम ने पीछे छोड़ दिया है। रोटरी गवर्नर ने शांति धाम समिति के सभी पदाधिकारी, रोटरी के सभी सदस्यों, नगर पालिका के सभी पदाधिकारी और अधिकारियों सहित नागरिकों का भी आभार व्यक्त किया। जनरल सेक्रेटरी वर्षा सोनी ने कहा कि अद्भुत और अनूठा शांति धाम इटारसी रोटरी क्लब के सहयोग से बना है। निश्चित तौर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह बात जाएगी उन्होंने सभी को बधाई दी। इस अवसर पर रोटेरियन सिद्धार्थ गोठी, रोटेरियन नारायण चौरसिया, रोटेरियन विवेक चांडक उपस्थित थे।

### कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई की

**नर्मदापुरम।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (ड्यू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जाएगा।

# मंदिर की घंटी की आवाज सुन सुबह तिलक सिंदूर पहुंची बच्ची

### रास्ता भटकने के बाद जंगल में रात गुजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार शाम तिलक सिंदूर मंदिर में भंडारे में पहुंचे एक परिवार की गायब हुई नाबालिग बालिका गुरुवार को मिल गयी है। उसे रातभर ग्रामीण, पुलिस और तिलक सिंदूर वन समिति के सदस्य तलाशते रहे। सुबह होने पर बच्ची स्वयं तिलक सिंदूर पहुंच गयी थी। बाबईखुर्द निवासी इस बच्ची का मेडिकल कराने के बाद उसे परिजनों को पथरोटा पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है।

लगभग 12 वर्षीय बच्ची कल शाम 5 बजे परिजनों के साथ तिलक सिंदूर जाते वक्त रास्ता भटककर जंगल में चली गई थी। सूचना मिलने पर पथरोटा पुलिस ने रातभर ग्रामीणों के साथ बच्ची की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं चला था। वन समिति अध्यक्ष तिलक सिंदूर को बीती रात सूचना विक्की चिमानिया ने दी। वन समिति के विनोद वारीबा ने बताया कि तत्काल सोशल मीडिया और आसपास क्षेत्र के ग्रुप इसकी खबर को पोस्ट किया। इस समय जंगल में तेंदूपता तोडऩे जा रहे महिला पुरुषों से भी निवेदन किया था।

#### बच्ची बोली घंटी की आवाज सुनकर पहुंची

तिलक सिंदूर का जंगल बड़ा है, अंधेरा होने पर उसे कुछ समझ नहीं आया। काफी देर भटकने के बाद वह जंगल में ही एक पेड़ के नीचे डरकर रातभर बैठी रही। सुबह होने पर उसे तिलक सिंदूर मंदिर में घंटी की आवाज सुनाई दी तो वह आवाज की दिशा में चलते-चलते मंदिर पहुंची और फिर ग्रामीणों के माध्यम से परिजनों को मिली। आज पथरोटा पुलिस ने उसके कथन दर्ज कर परिजनों को सौंप दिया है।

## खबर संक्षेप

### कार्यों में लापरवाही बरतने पर ग्राम रोजगार सहायक की संविदा सेवा समाप्त

**खंडवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने लोकसभा निर्वाचन के कार्यों में पदीय कर्त्तव्य के निर्वहन में स्वेच्छाचारी करते हुए, कार्यों में गंभीर लापरवाही बरतने एवं वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशों का पालन नही किए जाने पर ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सानेगीर प्रमोद पंचौरे की संविदा सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए।

### मसनगांव में कल विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित



**हरदा।** कनिष्ठ यंत्री विद्युत वितरण केन्द्र मसनगांव ने बताया कि ग्राम मसनगांव में सेंट्रल बैंक के पास नवनिर्मित प्रस्तावित लाइन को 11 केवी मसनगांव से जोड़ना है। इसके लिए 18 मई को 11 बजे से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### आईटीआई हरदा व रहटगांव ने पाया प्रथम स्थान

**हरदा।** प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार की नवीन डाटा ड्राइवन ग्रेडिंग मेथडोलॉजी के आधार पर अकादमिक वर्ष 2023-24 में प्रदेश के विभिन्न आईटीआई संस्थानों में से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदा एवं रहटगांव ने आईटीआई में प्रशिक्षण के प्रदर्शन एवं गुणवत्ता की गतिविधि के आधार पर प्रदेश स्तर पर समान अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य शासकीय आईटीआई हरदा ने बताया कि इसके लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदा एवं रहटगांव को संभाग स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### अल्पकालीन ऋण की देय तिथि 31 तक हुई

**हरदा।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई कर दी गई है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिए जाने की योजना निरंतरता के संबंध में भी निर्देश जारी किए गए हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे किसानों, जिनके द्वारा निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई किया जाएगा।

वन कर्मचारियों ने खंती खुदवाकर जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया

# ढाई एकड़ वन भूमि पर किया बेजा कब्जा चुनाव में लगी थी वनकर्मियों की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

वन विभाग की टीम लोकसभा चुनाव में लगी थी, लेकिन इसका फायदा अतिक्रमणकारियों ने उठाया और महज कुछ ही दिनों में खकनार रेंजर की बीट नंबर 321 सोनुद में करीब ढाई एकड़ वन भूमि पर कब्जा कर लिया। जब चुनाव ड्यूटी से टीम वापस लौटी तो पता चला वन भूमि पर कब्जा हो गया है, लेकिन वन विभाग की टीम जेसीबी लेकर पहुंच गई और एक ही दिन में ढाई एकड़ जमीन अतिक्रमणमुक्त करा दी गई।

मामला खकनार रेंज के ग्राम सोनुद की बीट नंबर 321 का है। यहां कुछ अतिक्रमणकारियों ने वन भूमि पर अतिक्रमण कर लिया था। इसकी सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और करीब ढाई एकड़ जमीन अतिक्रमणमुक्त कराई गई है। साथ ही जेसीबी से खंती खुदाई कराई गई ताकि आगे कोई अतिक्रमण न कर सके। सोनुद की बीट नंबर 321 में करीब ढाई एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। यानी करीब 0.5 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जे में ले ली थी। मुखबर की सूचना मिलने पर टीम यहां पहुंची और जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी खकनार सचिन सिंह के नेतृत्व में वन रक्षक रूपा मुड़िया, विजय खमरिया, वन समिति अध्यक्ष जवान सिंह, सदस्य कृष्णा चौहान, किशोर राठौड़, वन सुरक्षा श्रमिक राजू जगन्नाथ आदि कक्ष क्रमांक 321 में पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन वन स्टाफ ने करीब ढाई एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटवाया।

### वर्षा से पूर्व नदी नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ हुआ



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने गत दिनों आयोजित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये थे कि वर्षा से पूर्व अपने-अपने नगरों में नदी नालों की सफाई अभी से करा लें ताकि अतिवृष्टि की स्थिति में बाढ़ की संभावना न रहे। कलेक्टर सिंह के निर्देश पर जिले के चारों नगरीय निकायों खिरकिया, टिमरनी, सिराली व हरदा में नदी नालों की सफाई का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। साथ ही नदी नालों के आसपास के क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है ताकि बरसात में किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। नगर परिषद टिमरनी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले द्वारा बताया गया टिमरनी के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित कन्या शाला के पास मुख्य नाले से साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है एवं शहर में स्थित अन्य नालों की भी साफ सफाई कार्य सतत कराया जावेगा। उन्होने बताया कि गुरूवार को बाजार में दुकानों के सामने रखे सामान व अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही राजस्व, पुलिस व नगर परिषद की टीम द्वारा की गई। इसके अलावा सिराली के मेघनाथ चौक के पास रेन बसेरा एव तहसील कार्यालय के पास स्थित नाले में जेसीबी और पोकलेन मशीन के माध्यम से साफ-सफाई की गई ताकि बरसात में नाला जाम होने और बाढ़ की समस्या न रहे।

15 दिन में बढ़ी हुई फीस वापस करने के निर्देश

## मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने वाले चार स्कूलों पर लगाया 2-2 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के चार स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरुद्ध 2-2 लाख रुपए का अर्थ दंड लगाने के आदेश जारी किए हैं।

सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि जिन स्कूलों पर अर्थ दंड लगाया गया है। उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेड क्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर सिंह के निर्देश पर जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई। जिसमें यह पाया गया कि इन चारों स्कूलों द्वारा गत वर्ष की तुलना में इस शिक्षा सत्र में फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई। फीस वृद्धि के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन स्कूलों द्वारा नहीं किया गया।

कलेक्टर सिंह के आदेश में चारों स्कूलों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों से ली गई अतिरिक्त फीस आगामी 15 दिवस की समय सीमा में विद्यार्थियों के पालकों को वापस करें। चारों स्कूलों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि अर्थ दंड की राशि 2-2 लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट आयुक्त लोक शिक्षण के नाम से तैयार करा कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जमा करें।

### भाकिसं की बैठक संपन्न, ज्ञापन दिया



**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव की तहसील बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील प्रभारी हरि ओम गौर द्वारा की गई। इसके बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य बिंदु 2022-23 की ओलावृष्टि बीमा शीघ्र दिलवाया जाए। मोरंड गंजाल परियोजना शीघ्र प्रारंभ की जाए। समर्थन मूल्य पर खरीदी बड़े तौल कांटे से की जाए। ग्रीष्मकालीन मूंग पंजीयन शीघ्र चालू किया जाए। सांताकुंज कॉलोनी रहटगांव का रिकॉर्ड ऑनलाइन किया जाए। बैठक में संभाग जिला और तहसील ग्राम इकाई अध्यक्ष मंत्री मौजूद रहे और सभी किसान मौजूद रहे।

मार्केटिंग कंपनी ने किराए पर लिया था गोदाम, लाखों नुकसान

## कपास के गोदाम में लगी आग आधे दिन बाद भी नहीं बुझी

हरिभूमि न्यूज ⏭खंडवा

खंडवा में एक कॉटन से भरे गोदाम में आधी रात को आग लग गई थी। इसके बाद दमकलकर्मियों ने रात में ही आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। लेकिन गोदाम में बड़ी मात्रा में कपास भरा हुआ था। तेज गर्मी के बीच आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थी। इस कारण 18 घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मार्केटिंग कंपनी ने यह गोदाम किराये पर लिया था। मौके पर खंडवा की तीन फायर ब्रिगेड, पंधाना की एक और छनेरा की एक फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाने में लगी हैं। तीनों जगह की फायर ब्रिगेड से करीब 20 से ज्यादा राउंड का पानी हो चुका है। लेकिन अभी भी आग पर काबू नहीं पाया गया है। फिलहाल, आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। आग से गोदाम में रखा कॉटन जलकर खाक हो गया। जिससे लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।



गोदाम मालिक मेघराज जैन का कहना है कि हमने यह गोदाम स्टार एग्री कंपनी को किराए पर दिया हुआ है। जिन्होंने खंडवा सहित आसपास की जगह से किसानों का कपास गोदाम में भर रखा था। कल रात को हमारे वॉचमैन ने आग लगने की सूचना दी। जिसके बाद हम तुरंत मौके पर पहुंचे। स्टार एग्री कंपनी के लोगों को सूचना की। फिलहाल अंदर आग बुझी नहीं है। आग बुझाने का प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

### 'सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण तरीके से निराकरण कराएं'

**हरदा।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण तरीके से निराकरण किया जाए। शिकायत के निराकरण के लिए जिला अधिकारी आवेदक से फोन पर खुद चर्चा करें और आवश्यकता अनुसार आवेदक को कार्यालय में बुलाकर शिकायत निराकरण के संबंध में चर्चा कर व संतुष्ट कर शिकायत का निराकरण पोर्टल पर दर्ज करें। यह निर्देश कलेक्टर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित अधिकारियों की बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिये। बैठक में स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, खनिज, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## करंट लगने से खेत में युवक की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरावद में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में खेत के पास पड़ा मिला है। आशंका जताई जा रही है कि बिजली के तार को मेन लाइन में जोड़ने से युवक की मौत हुई है। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।



जानकारी के अनुसार टिमरनी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंधेरीखेड़ा का रहने वाला प्रकाश (28) अपने गांव के कुछ युवकों के साथ बीते दो महीने से ग्राम कुकरावद में मूंग की फसल में पानी देने का ठेका लेकर आया हुआ था। मंगलवार सुबह उसके अन्य साथी किसी काम से गांव पर गए हुए थे। वहीं मृतक प्रकाश खेत मालिक दिलीप बांके के खेत पर मूंग की फसल में पानी दे रहा था। इस दौरान वह खेत पर अकेला था। उसके द्वारा बिजली के तार को डीपी में जोड़ने के दौरान करंट लग गया और उसकी डीपी से कुछ दूरी पर मौत हो गई। बुधवार को जब उसके साथी गांव से वापस कुकरावद लौटे तो उन्हें प्रकाश दिखाई नहीं दिया, तो उसकी तलाश शुरू की गई। मृतक के साथी गणेश काशकर ने बताया कि जब सभी ने मिलकर तलाश शुरू की तो बुधवार शाम को खेत के पास हाथ में बिजली के तार के साथ प्रकाश की लाश मिली।जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। उसने बताया कि मृतक प्रकाश की एक बेटी है। वहीं चार भाइयों में छोटा भाई था। हादसे के बाद पूरा परिवार सदमें है।

## 7 वर्ष की तपस्या सोनी का डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭खंडवा

नगर की 7 वर्ष की नन्ही बालिका तपस्या सुमित सोनी द्वारा राष्ट्रीय डांस प्रतियोगिता में अपनी उम्र के ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब जीतकर परिवार के साथ खंडवा नगर का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय डांस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। हुनरबाज आराध्या का सम्मान सद्भावना मंच सदस्यों व्दारा किया गया।

बतादें की कुमारी आराध्या का चयन नेपाल में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय डांस प्रतियोगिता में हुआ है। मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय पर आराध्या सोनी अपने डांस शिक्षक प्रकाश माली के साथ उपस्थित हुई।



इस दौरान मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा शाल एवं मोतियों की माला से सम्मान कर बालिका का हौसला अफजाई कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर कुमारी आराध्या द्वारा अपने डांस की प्रस्तुति भी दी गई। इस मौके पर डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, प्रमोद जैन, वैज्ञानिक आनंद बुंदेला, सुमित सोनी, प्रकाश माली, राधेश्याम शाक्य, सुरेंद्र गीते, दीपक चाकरे, ओम पिल्ले, निर्मल मंगवानी, नारायण फरकले, गणेश भावसार, तारकेश्वर चौरे, सुनील चौरे उपमन्यु आदि सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### मप्र पीड़ित प्रतिकर योजना अंतर्गत आयोजित बैठक में दिए 8 लाख 25 हजार प्रतिकर राशि के आदेश

**खंडवा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन की अध्यक्षता में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के सचिव, जिला न्यायाधीश यशवंत मालवीय के समन्वय व कमेटी के सदस्य कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय की उपस्थिति में जिला न्यायालय सभागृह खंडवा में मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के अंतर्गत आए प्रकरणों के संबंध में बैठक का आयोजन कर 8 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसमें पीड़ित को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 8 लाख 25 हजार रुपए के आदेश किए गए हैं।

जिले से 121 हज यात्री जाएंगे हज पर

## हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए इस बार कोविड का टीका अनिवार्य नहीं, न ही प्रमाण पत्र की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

जिले से इस साल हज यात्रा पर 121 हज यात्री जाएंगे। खास बात यह है कि इस साल कोविड का टीका अनिवार्य नहीं होगा। न ही कोई प्रमाण पत्र देने की जरूरत होगी। इसका कोई उल्लेख इस बार हज कमेटी की गाइड लाइन में नहीं किया गया है। इस साल जिले से 98 हज यात्री हज कमेटी और 23 हज यात्री प्रायवेट टूर्स के माध्यम से हज पर जाएंगे। इसे लेकर बुरहानपुर के अधिवक्ता फरीद अहमद को हज कमेटी की ओर से जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुरुवार दोपहर प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा- हज यात्रा 2024 के लिए इस बार कोविड का टीका अनिवार्य नहीं है। प्रमाण पत्र भी नहीं देना होगा।

### 18 मई को टीकाकरण, पोलियो दवा भी पिलाएंगे

अधिवक्ता व जिला प्रभारी फरीद अहमद ने बताया हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए 18 मई को दानिश स्कूल में सुबह 10 बजे से कैंप लगाया जाएगा। इस दौरान हज यात्रियों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी और टीकाकरण किया जाएगा। दो टीके लगेंगे, लेकिन इसमें कोविड का टीका नहीं होगा, क्योंकि कोविड के टीके की कोई गाइड लाइन इस बार नहीं आई है। कोई सर्टिफिकेट भी नहीं मांगा गया है। इस दौरान एक ट्रेनिंग कैंप भी होगा जिसमें हज यात्रियों को हज यात्रा के तौर तरीकों से अवगत कराया जाएगा।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों में दिलाई जागरुकता शपथ

**खंडवा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर 16 मई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत के मार्गदर्शन में संजीवनी क्लीनिक गणेश तलाई व अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी वाहक जनित बीमारियों की रोकथाम, बचाव के लिए जागरुकता की शपथ दिलाई गई। जिला मलेरिया अधिकारी करण सिंह भूरिया ने बताया कि डेंगू एक वायरल डिसीस है। यह वायरस एडिज एजेप्टी मच्छर द्वारा रोग फैलाने का कार्य करता है। तेज बुखार, मांस पेशियों एवं जोड़ों में दर्द, सर दर्द, ऑखों के पीछे दर्द, जी मिचलाना, उल्टी दस्त, त्वचा पर लाल रंग के दाने आदि। रोगी के गंभीर होने पर प्लेटलेटस की संख्या तेजी से कम होती है तथा नाक कान व आंख मसुड़ों से रक्तस्त्राव शुरू हो जाता है। रक्त चाप कम हो जाता है, यदि सही समय पर उचित चिकित्सा न मिले तो रोगी कोमा में भी जा सकता है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं को दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जन समुदाय में डेंगू के प्रति जागरूकता के प्रचार प्रसार के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं को डेंगू के प्रति जनजागरूकता एवं बचाव के संबंध में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि डेंगू मच्छरों से उत्पन्न होने वाली एक वेक्टर जनित बीमारी है। हर साल हजारों लोगों को यह बीमारी अपना शिकार बनाती है। उन्होंने कहा कि आम जन के सहयोग से इस बिमारी पर नियंत्रण रखा जा सकता है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को डेंगू से बचाव के लिये शपथ भी दिलाई।

# वर्धा का बुजुर्ग गलती से हरदा पहुंचा परिजनों से सम्पर्क कर सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

बीती 3 मई को महाराष्ट्र के पुलगांव से ट्रेन में सवार होकर वर्धा जाने के लिए निकला एक बुजुर्ग भूलवश हरदा पहुंच गया। बुजुर्ग की याददाश्त कमजोर होने से वह हरदा के रेलवे स्टेशन पर उतरकर वहां से पीलिया खाल साइड भटक रहा था। इस दौरान वहां के लोगों ने मोहल्ले में अनजान बुजुर्ग के भटकते पाए जाने के बाद सार्थक सेवा आश्रम समिति के मयंक काले को सूचना दी गई। जिसके बाद वह बुजुर्ग निरंजन खडसे को अपने साथ वर्द्धाश्रम ले आया।

इस दौरान सार्थक सेवा आश्रय समिति के सदस्यों ने बुजुर्ग की जानकारी जुटाई। बुजुर्ग द्वारा घर का पता बताने में परेशानी आने के बाद उनके पास एक बैंक पासबुक मिली। जिसमें एक मोबाइल नंबर मिला। जिस पर फोन लगाया गया। वह उनके मुंबई में रहने वाले बेटे मंगेश खडसे का निकला। उसने बताया कि पिता ग्राम पुलगांव में खेती करते हैं। हालांकि पिछले कुछ दिनों से उनकी याददश्त कमजोर हो गई है। उन्हें वर्धा में किसी से रुपयों का लेनदेन है। जिसके लिए उन्हें वर्धा जाना था। लेकिन वह धोखे से हरदा आ गए। बेटे ने तेलंगाना में रहने वाली अपनी बहन का कॉन्टैक्ट नंबर दिया। जिसके बाद उस पर संपर्क किया गया, जो उनकी छोटी बेटी शारदा का निकला। उसके बाद बीते 13 दिनों से उनकी देखरेख वृद्धाश्रम में की जा रही थी। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक कमलेश सिंह ने बताया कि बुजुर्ग के परिजनों से संपर्क कर उन्हें तेलंगाना में रहने वाले दामाद शैलेंद्र चौहान के सुपुर्द कर दिया गया। जहां वह अपनी बेटियों के साथ वापस अपने गांव लौटेंगे।



### शाल श्रीफल भेंट कर दी विदाई

सार्थक सेवा आश्रय समिति के अध्यक्ष बलराम काले ने बताया कि वर्द्धाश्रम में बुजुर्ग निरंजन राव खडसे का 13 दिनों से पूरा ख्याल रखा गया। हालांकि, आज दामाद के हरदा आने पर उन्हें सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में शाल श्रीफल व पुष्पमाला पहनाकर विदा किया जा रहा है। जिससे वह अपने परिजनों के साथ रह सकें।

## यात्रियों को विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की महिलाओं ने किया जल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों के यात्रियों को विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी दिनेश शर्मा के नेतृत्व में विप्र नारियों ने जल वितरित किया। खास बात यह रही कि भीषण गर्मी में मिनरल वॉटर गर्म हो रहा है। हुजूर साहेब नांदेड़ एक्सप्रेस के कुछ यात्रियों ने ठंडा पानी देखकर अपने पास मौजूद गर्म हो चुके पानी को फेंक दिया और अपनी बॉटलों में ठंडा पानी भरा। विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी दिनेश शर्मा ने कहा- विप्र नारियों ने शीतल जल वितरण किया। इस भीषण गर्मी में आम यात्रियों को यात्रा के दौरान काफी समस्याओं का सामना करना पडता है। ऐसे में उन्हे गर्मी में राहत प्रदान करने के लिए बुरहानपुर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली गाडियों के सभी यात्रियों को जल वितरीत किया गया। इस दौरान आशा तिवारी, पायल अवस्थी, शुभदा परचुरे, संध्या जोशी, शुभांगी काळे, वीणा सांगलीकर, वर्षा मालव, श्रुति तिवारी आदि ने सहयोग किया। अध्यक्ष गौरी शर्मा ने कहा आगे भी यह सेवा जारी रखेंगे।